हम नाम तुम्हारा गाएंगे

एहसान किये हैं जो हम पर
हम कभी चुका ना पाएंगे
मरते दम तक खाटू वाले
हम नाम तुम्हारा गाएंगे

मेरा ख्याल तुम रखते हो
मेरी हर एक बात समझते हो
कैसे भूलूँ मैं श्याम प्रभु
इतने उपकार जो करते हो
जब तक ये धड़कन है बाबा
हम तेरे दर पे आयंगे
मरते दम तक खाटू वाले
हम नाम तुम्हारा गाएंगे

अपनों से बढ़कर सांवरिया
तुमने जो प्यार लुटाया है
दुनिया भर की खुशियां देखर
सीने से मुझे लगाया है
विश्वास है जब भी नाम रटे
तुमको ही सन्मुख पाएंगे
मरते दम तक खाटू वाले
हम नाम तुम्हारा गाएंगे

इंकार कभी ना करते हो
बिन मांगे झोली भरते हो
लहराकर अपनी मोरछड़ी
सारे दुखड़े हर लेते हो
सोनी मेरा श्याम से नाता है
हम श्याम को चाहेंगे
मरते दम तक खाटू वाले
हम नाम तुम्हारा गाएंगे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11624/title/hum-naam-tumhara-gayenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |